## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची में हुए जेएससीए चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की टीम का सभी पदों पर कब्जा, सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम भी निर्वाचित।
2. स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने धनबाद मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, कहा – मरीजों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।
3. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नई शराब नीति को बताया सराहनीय कदम, 4 हजार करोड़ के राजस्व लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए जल्द लागू करने की मांग की।
4. बोकारो पुलिस ने 48 घंटे में किया हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद।
5. 22वां ज़िला एथलेटिक चैंपियनशिप कल सरायकेला में हुआ संपन्न, संत फ्रांसिस डी सेल्स स्कूल को मिला विजेता का खिताब।

**********************

रांची में हुए झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ( जेएससीए) के चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की टीम ने सभी पदों पर जीत हासिल कर एसके बेहरा गुट को शिकस्त दी। चुनाव में अध्यक्ष पद पर अजय नाथ शाहदेव, सचिव पद पर सौरभ तिवारी और सह सचिव पद पर शाहबाज नदीम विजयी रहे। अन्य सभी पदों पर भी शाहदेव गुट के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

**********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में हालिया हादसे के बाद राज्य के सभी अस्पतालों की सुरक्षा समीक्षा की जा रही है। मंत्री ने मरीजों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताया।

**********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राज्य सरकार की नई शराब नीति का स्वागत किया है। रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता में अध्यक्ष परेश गट्टानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद को धन्यवाद देते हुए इसे उचित कदम बताया। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों बाद लाई गई इस नीति को जल्द लागू किया जाना चाहिए, ताकि सरकार का 4 हजार करोड़ रुपये राजस्व लक्ष्य पूरा हो सके।

**********************

अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला कल रांची पहुंची। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने झारखंड दौरे को गौरवपूर्ण बताया और अल्पसंख्यक विभाग को सशक्त करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में मॉब लिंचिंग विधेयक को दोबारा राज्यपाल को भेजने और न्याय यात्रा निकालने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**********************

बोकारो के नक्सल प्रभावित नावाडीह थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने जानकारी दी कि हजारीबाग के सिरौय गांव निवासी हेमलाल पंडित की हत्या के मामले में पुलिस ने चंपा देवी, उसके मित्र प्रकाश सिंह और दो शूटर को गिरफ्तार किया गया है।

**********************

हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में सरकार की पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ मिलने से महिलाओं को काफी सहूलियत मिल रही है।

*********************

- रांची रिम्स के छात्र कल खूंटी के पेरवाघाघ जलप्रपात पर पिकनिक के दौरान हादसे का शिकार हो गए और पांच छात्र तेज बहाव में फंस गए। इनमें से चार छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन एक छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
- हजारीबाग में कल अखिल भारतीय यादव महासभा ने रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी के साथ भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया। इस दौरान महासभा ने रेजांगला युद्ध में अहीर कंपनी द्वारा दिखाई गई वीरता को याद किया, जिसमें 120 सैनिकों ने 1 हजार तीन सौ से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। इस के तहत अहीर रेजिमेंट गठन की मांग भी उठाई गई।
- जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा में प्रधान पद को लेकर चुनावी प्रचार शुरू हो गया है। वर्तमान प्रधान निशान सिंह ने प्रेस वार्ता कर अपने तीन वर्षों की उपलब्धियों को संगत के सामने रखने की बात कही।

*********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंधी और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां को छोड़कर अन्य जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। वहीं, दक्षिणी जिलों में भी तेज हवा, गरज और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

आईपीएल क्रिकेट में गुजरात टाइटन्स ने कल रात डेल्ही कैपिटल्स को 10 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की सलामी जोड़ी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। सुदर्शन को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। आजलखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

*********************

सरायकेला–खरसावां में कल 22वें जिला एथलेटिक चैंपियनशिप का समापन हुआ। इस चैंपियनशिप में कुल 50 इवेंट्स के बाद संत फ्रांसिस डी सेल्स स्कूल, सरायकेला ने 107 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता और विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया 93 अंकों के साथ उपविजेता रहा।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने जेएससीए चुनाव की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है जेएससीए चुनाव में अजय नाथ की टीम का क्लीन स्वीप, सभी 15 पदों पर मिली जीत।

प्रभात खबर लिखता है विधायक श्वेता सिंह मामले में डीसी ने सीईसी को भेजी रिपोर्ट।

दैनिक जागरण की सुर्खी है परवाघाघ में पिकनिक मनाने गए रिम्स के मेडिकल छात्र की डूबने से मौत।

हिंदुस्तान के शब्द हैं निशिकांत, विद्युतवरण को संसद रत्न पुरस्कार।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है चाईबासा में नक्सली डंप का खुलासा, आईईडी विस्फोटक और हथियार हुए बरामद।

*********************